कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

सत्यमेव जयते

मुख्यालय/Headquarters
पंचदीप भवन, सी.आई.जी मार्ग, नई दिल्ली -110 002
Panchdeep Bhawan, C.I.G. Marg, New Delhi-110 002
Phone: 011-23234092/93/98
Website : www.esic.nic.in / www.esic.in

फ.स. ई-13/12/15/2021-ज.सं.　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक: 27.11.2021

प्रेस विज्ञप्ति

ईएसआई औषधालय और शाखा कार्यालय, रायबरेली, उत्तर प्रदेश का दिनांक 27 नवम्बर, 2021 का उद्घाटन संपन्न।

ईएसआईसी Covid-19 राहत योजना, ई-श्रम कार्ड एवं राज्य आपदा मोचन निधि के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्रों का वितरण।

ईएसआई डिस्पेंसरी और शाखा कार्यालय, रायबरेली, उत्तर प्रदेश का उद्घाटन दिनांक **27** नवम्बर, **2021** को संपन्न हुआ। इस आयोजन में **श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी**, माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकार मुख्य अतिथि थीं। इस अवसर पर , **श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी**, ने प्रसंता व्यक्त करते हुए कहा कि ईएसआई औषधालय, रायबरेली 1978 से किराए के भवन में संचालित था जिसे सरकार द्वारा अब इस परिसर का निर्माण सीपीडब्ल्यूडी के माध्यम से करवाते हुए रायबरेली की जनता को समर्पित किया जा रहा है। साथ ही श्रीमती ईरानी जी द्वारा covid-19 राहत योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को मासिक पेंशन स्वीकृति पत्रों का विवरण किया गया. जिससे Covid-19 महामारी से आई आपदा में ऐसे पीड़ित परिवारों को आर्थिक मजबूती प्रदान किया जा सके।

ईएसआई डिस्पेंसरी और शाखा कार्यालय, प्रगति पुरम, रायबरेली, उत्तर प्रदेश का निर्माण 933 वर्ग मीटर के परिसर में **2.27** करोड़ रुपये की लागत से हुआ। इस डिस्पेंसरी में 2 डॉक्टर, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन इत्यादि उपलब्ध हैं। डिस्पेंसरी में आपातकालीन सेवाएं, ओपीडी, फार्मेसी, ऑक्सीजन सिलेंडर, जाँच मशीन इत्यादि की सेवाएँ प्रदान की गई हैं। इससे रायबरेली क्षेत्र 60 हज़ार ईएसआई लाभार्थियों को लाभ मिलेगा। साथ ही, प्रथम तल पर बने शाखा कार्यालय से भी लगभग **15** हज़ार श्रमिकों को नकद लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर **श्री रामेश्वर तेली**, श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, भारत सरकार ने अपने संबोधन में कहा कि श्रमिको का सबसे बड़ा हिस्सा असंगठित श्रमिकों का है. माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में असंगठित श्रमिकों के लिए नेशनल डाटा बेस तैयार किया है जिसे **"E-श्रम पोर्टल"** का नाम दिया गया है. पोर्टल पर पंजीकरण करना अत्यंत सरल एवं निशुल्क है. पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने पर दो लाख का बीमा भी मिलेगा. इस पोर्टल पर अभी तक 09 करोड से ज्यादा लोगो का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है. साथ ही उन्होंने जनता से अपील की कि जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन पूरा करने में सरकार का सहयोग करें. **साथ ही माननीय मंत्री ने E-श्रम शिविर का दौरा किया एवं आयोजन में E-श्रम कार्ड का भी वितरण किया**।

श्री रामेश्वर तेली जी आगे अपने संबोधन में बताया कि ई एस आई अस्पतालों ने Covid महामारी में श्रमिकों को चिकित्सा सुविधा प्रदान कर देशहित में सेवा की है. **ESIC** ने 'COVID-19 **राहत योजना**' शुरू की है। इसके द्वारा **ESIC IP** के आश्रितों को औसत वेतन का **90%** प्रदान करती है, जिनका दुर्भाग्य से **COVID-19** महामारी के कारण देहांत हो गया।
इसके अलावा, **'अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना'** के माध्यम से, यदि बीमित व्यक्ति अपनी नौकरी खो देता है, तो उसे पिछले चार योगदान अवधि के दौरान प्रतिदिन की औसत कमाई का **50%** की राहत दी जाती है। जीवन भर में एक बार के उपायों के रूप में, बेरोजगारी के अधिकतम **90** दिनों तक राहत का भुगतान किया जाता है। दावा प्रस्तुत करने पर शाखा कार्यालय द्वारा बीमित व्यक्तियों को सीधे उनके बैंक खाते में राहत का भुगतान किया जाता है।

इस अवसर की शोभा बढ़ाने वाले अन्य गणमान्य व्यक्ति थे **श्रीमती पूर्णिमा श्रीवास्तव**, अध्यक्ष, नगर पालिका, रायबरेली, **श्री दिनेश प्रताप सिंह**, सदस्य विधान परिषद्, उत्तर प्रदेश एवं **श्री राम देव पाल**।

उत्तर प्रदेश में ईएसआई योजना

ESI योजना पूरी तरह से राज्य के 41 जिलों में और आंशिक रूप से 1 जिले में लागू की गई है। राज्य में प्रभावी प्रशासनिक नियंत्रण के लिए कानपुर में एक क्षेत्रीय कार्यालय और नोएडा, लखनऊ और वाराणसी में 3 उप-क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित किए गए हैं। वर्तमान में ईएसआईसी 36 शाखा कार्यालयों और 2 डीसीबीओ (औषधालय-सह-शाखा-कार्यालय) के माध्यम से लाभार्थियों को नकद और अन्य लाभ प्रदान कर रहा है। 16 अस्पताल (ईएसआई योजना के तहत 10 और ईएसआईसी के तहत 6) और 16 औषधालय (94 एलोपैथिक, 11 आयुर्वेदिक और 11 होम्योपैथिक औषधालय सहित) हैं जो अपने लाभार्थियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, 3 MEDU और 61 टाई-अप अस्पताल भी लाभार्थियों को सेवाएं प्रदान करते हैं।

भारत में ईएसआई योजना

ईएसआईसी एक अग्रणी सामाजिक सुरक्षा संगठन है जो व्यापक सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करता है जैसे कि उचित चिकित्सा देखभाल और आवश्यकता के समय में नकद लाभ की एक श्रृंखला जैसे कि रोजगार की चोट, बीमारी, मृत्यु आदि। यह अधिनियम अब पूरे देश में **12.36** लाख से अधिक कारखानों और प्रतिष्ठानों पर लागू होता है। यह योजना देशभर मे श्रमिकों की लगभग **3.41** करोड़ पारिवारिक इकाइयों को लाभान्वित कर रहा है। **1952** में अपनी स्थापना के बाद से, ईएसआई निगम ने अब तक **160** अस्पताल, **6** मेडिकल कॉलेज, **2** डेंटल कॉलेज, **2** नर्सिंग कॉलेज, **1502/308** डिस्पेंसरी / आईएसएम यूनिट, **559/185** शाखा / वेतन कार्यालय, **49** औषधालयों, सह शाखा कार्यालय और **64** क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना की हैं।

****